## नेशनल पेंटिंग सिंपोजियम (कला शिविर) का समापन

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने कहा कि इस मर्तबा शिल्पग्राम उत्सव में नेशनल पेंटिंग सिंपोजियम (कला शिविर) का आयोजन एक ऐसी पहल रही, जिसमें चार पद्मश्री के साथ 14 चित्रकारों ने न सिर्फ शिरकत की, बल्कि अपनी कला का लाइव प्रदर्शन करते हुए उभरते और रुचि रखने वाले युवाओं और बच्चों का मार्गदर्शन भी किया। इसमें शामिल देश के प्रसिद्ध चित्रकारों की बदौलत यह प्रयोग पूर्ण सफल रहा। निदेशक खान गुरुवार को शिल्पग्राम की चौपाल पर आयोजित कला शिविर के समापन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कि इसमें पेंटिंग की एक फॉर्म को नहीं, बल्कि कंटेंपरेरी और ट्रेडिशलन दोनों फॉर्म के विशेषज्ञ चित्रकाारों को शामिल किया गया। उन्होंने सभी चित्रकारों को केंद्र की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पद्मश्री चित्रकार अद्वैता गडनायक ने सभी चित्रकारों का आह्वान किया कि जिस तरह कंटेंपरेरी और ट्रेडिशनल कलाकारों को यहां पहली बार साथ में शामिल किया गया है।

# सीपी जोशी की दूरदर्शी सोच से चित्तौढ़गढ़ में खेल संस्कृति को नई उड़ान : कपिल देव

- चित्तौढ़गढ़ में सांसद खेल महोत्सव की तृतीय स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन
- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव रहे मुख्य अतिथि
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सीपी जोशी और कपिल देव ने सुना
- खेलों में कड़ी मेहनत करनी चाहिए और खेल का आनंद लेना चाहिए, क्योंकि आनंद के साथ ही जीत मिलती है। हर कोई चैम्पियन नहीं बनता

**चित्तौडगढ़** । भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौढ़गढ़ सांसद सीपी जोशी के नेतृत्व में संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में आज तृतीय स्तर की 'सांसद खेल महोत्सव' खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन चित्तौढ़गढ़स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया गया। इस खेल महोत्सव ने क्षेत्र में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। खेल महोत्सव के अंतर्गत रस्साकशी, कबड्डी, बास्केटबॉल, फुटबॉल, दौड़, क्रिकेट, कुश्ती सहित अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में युवक-युवतियों और खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं महान खिलाड़ी कपिल देव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल जुडकर देशभर में आयोजित हो रही सांसद खेल प्रतियोंगिताओं में भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सांसद सीपी जोशी, कपिल देव, उपस्थित सभी खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों और दर्शकों ने प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कपिल देव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों में कड़ी मेहनत करनी चाहिए और खेल का आनंद लेना चाहिए, क्योंकि आनंद के साथ ही जीत मिलती है।

हर कोई चैम्पियन नहीं बनता, लेकिन जो नहीं बन पाते, उनकी अगली पीढ़ी चैम्पियन बनने के लिए तैयार होती है। इसलिए पूरे मन और लगन से मेहनत करें। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार खिलाड़ियों को अनेक प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध करा रही है। हमारे समय में इतनी सुविधाएँ नहीं थीं। मेहनत आपके हाथ में होती है, परिणाम नहीं। नई पीढ़ी हमसे आगे बढ़ेगी, तभी देश प्रगति करेगा । सांसद सीपी जोशी ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, युवाओं को खेलों से जोड़ना और स्वस्थ, सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत देशभर के खिलाडियों से जुडकर उनका उत्साहवर्धन करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया साथ ही सभी खिलाड़ियों, आयोजकों और उपस्थित अतिथियों का भी आभार जताया। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण, खेल प्रेमी, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## 3 आवासीय योजनाओं के 1109 भूखंडों की ई-लॉटरी संपन्न

**उदयपुर।** राज्य सरकार की हमारा प्रयास, सबको आवास संकल्पना को मूर्त रूप देते हुए उदयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से झीलों की नगरी उदयपुर के सुनियोजित विकास और नागरिकों को व्यवस्थित आवास उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तीन आवासीय योजनाओं के कुल 1109 आवासीय भूखंडों का ई-लॉटरी से आवंटन किया गया।

राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर गुरूवार को दक्षिण विस्तार स्थित सामुदायिक भवन में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा के मुख्य आतिथ्य में समारोहपूर्वक ई-लॉटरी की गई।

## एक शाम अटलजी के नाम का आयोजन

**उदयपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की जयन्ती पर शुक्रवार सांय श्रमजीवी महाविद्यालय सभागार में अटलबिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह समिति के तत्वावधान में 'एक शाम अटलजी के नाम' काव्य संध्या का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी जगदीशचंद्र जोशी, विशिष्ठ अतिथि राजस्थान विद्यापीठ कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोंत, विधायक ताराचंद जैन, फूल सिंह मीणा पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी, वंदना मीणा, सहकारीता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश भट्ट थे।


### नाम परिवर्तन

मैं यशिता डागा W/O गौरव डागा निवासी मीरा नगर जलचक्की तह.व जिला राजसमंद शादी के पहले मैरा नाम यशिता दुधोडिया था शादी के बाद मेने मेरा नाम यशिता डागा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।



### कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर ( राज. )

क्रमांक: F-7 ( ) B. PLAN/ MISC/2025-26/2010 दिनांक : 23/12/2025

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम /योजना | खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री भगवती लाल प्रजापत पिता श्री हमेरलाल प्रजापत एवं श्रीमती शान्ता प्रजापत पत्नी श्री भगवती लाल प्रजापत | भुवाणा | 1435,1436, 4626/1436 | उपविभाजित भूखण्ड 05 +06 +07/D | 1625.00 वर्गफीट | महाप्रज्ञ विहार से मेवाड हॉस्पीटल को जाने वाली 80 फीट सड़क पर बेकरी स्टुडियों के समीप स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध मे यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर


# डॉ. तुक्तक भानावत को स्वर्णिम राजस्थान सम्मान

**उदयपुर।** उदयपुर के द जेड पैलेसऑकेजन गार्डन हॉल में स्वर्णिम राजस्थान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाबचंद कटारिया, उदयपुर सासंद मन्नालाल रावत, विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, जिला कलेक्टर नमित मेहता, पूर्व सांसद एवं देहात जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा ने पीआर के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. तुक्तक भानावत को स्वर्णिम राजस्थान सम्मान प्रदान किया।

**इण्डिया गठबंधन कांग्रेस के लिए आत्मघाती:**1885 में जिस कांग्रेस का जन्म हुआ, वह कांग्रेस देश का सबसे पुराना राजनैतिक सगठन है। नि:संदेह आजादी की लडाई में कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गोखले, तिलक, गाँधी, नेहरु के नेतृत्व में विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार, असहयोग आंदोलन, दांडी मार्च, अंग्रेजों भारत छोडो जैसे जन आंदोलनों से कांग्रेस ने जनता में अच्छी प्रतिष्ठा एवं विश्वास अर्जित किया।

1952 से देश में प्रजातान्त्रिक सरकारों के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ हुई । कांग्रेस को आजादी के आन्दोलन में अपनी महत्ती भूमिका एवं अर्जित प्रतिष्ठा का भरपूर राजनैतिक लाभ मिला। केन्द्र और राज्यों में कांग्रेस की वर्षो तक सरकारें बनती रही । बिगडने का क्रम बना 1975 में घोषित आपातकाल से। 1977 में देश में पहली बार केंद्र में गैर कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ। 1977 के बाद तो कांग्रेस की सरकारें बनने और बिगडने का खेल प्रारम्भ हो गया । इस समय कांग्रेस पिछले 12 वर्षो से केन्द्र में सत्ता से बाहर है। 2024 के चुनावों में केन्द्र में सरकार बनाने के लिए या यूं कहे कि भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए अभी हाल ही में भाजपा विरोधी सभी राजनैतिक दलों का इण्डिया गठबंधन बनाया । 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 31प्रति.एवं 37.36 प्रति.मतों के आधार पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। कांग्रेस की सोच यह है कि शेष 69प्रति.एवं 62.64 प्रति. मतों के विभाजन को रोकने के लिए कांग्रेस एवं अन्य भाजपा विरोधी दलों का गठबंधन आवश्यक है। यह भी सही है कि कभी कांग्रेस विरोधी राजनैतिक दलों ने इसी प्रकार का गठबंधन बना कर कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया था। परन्तु 2024 की राजनैतिक परिस्थितियों में बहुत अन्तर है। आज सत्ता के सिंहासन पर बैठी भाजपा 20-25 वर्ष पुरानी भाजपा जैसी नहीं है। आज की भाजपा बहुत सुनियोजित, आक्रामक, आधुनिक डिजिटल व्यवस्था तथा समर्पण भाव से चुनावी दंगल में उतरती है। इसलिए इस प्रकार के सत्ता विरोधी गठबंधन जिसने कभी कांग्रेस को सत्ता से बेदखल किया था, परन्तु आज उसी ढंग से गठबंधन करते हए भाजपा को परास्त नहीं किया जा सकता है । जिस महत्वपूर्ण विषय पर मैं चर्चा करना चाहता हूँ वह यह है कि बहुत मामूली एवं तात्कालिक लाभ के लिए कांग्रेस अपने भविष्य को दाँव पर लगा रही है।








